Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to release fund for setting up Trauma Care Unit in Nuapada district, Odisha.

श्री बसंत कुमार पंडा (कालाहाण्डी): मेरा क्षेत्र कालाहांडी है, जिसमे दो जिले नुआपड़ा और कालाहांडी है। दोनों ही जिले आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी की परिकल्पना के अनुसार आकांक्षी जिले है। मैं माननीय प्रधानमंत्री और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का नुआपड़ा और कालाहांडी जिले में "ट्रामा केयर सेंटर/क्रिटिकल केयर यूनिट" की मंजूरी के लिए धन्यवाद व्यक्त करता हूँ। मैं मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि राष्ट्रीय राजमार्ग-353 जिला नुआपड़ा से गुजर रहा है जहाँ जिला अस्पताल भी है। बड़ी संख्या में गाड़ियाँ यहाँ से होकर गुजरती है और हर दूसरे-तीसरे दिन सड़क दुर्घटनायें होती है। ट्रामा केयर यूनिट के अभाव में घायल व्यक्ति को उपचार के लिए शहर से बहुत दूर ले जाना पड़ता है जिसके कारण उसकी रास्ते में ही मृत्यु हो जाती है। ट्रामा केयर यूनिट का निर्माण फण्ड के अभाव में लंबित है। ओडिशा द्वारा 75.70 करोड़ के एस्टीमेट के साथ आबंटित भूमि का विवरण सम्बंधित विभाग को भेजा गया है। यदि ट्रामा केयर यूनिट का निर्माण होता है तो हम कई लोगों की जान बचा सकते है। मेरा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी से निवेदन है कि उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द फण्ड जारी करने की कृपा करें।